File No.ECR-HQ0GMO(PQMP)/22/2020-O/o DGMG/HQ/ECR


**एल. सी. त्रिवेदी**
**महाप्रबंधक**
**L. C. Trivedi**
**General Manager**

**पूर्व मध्य रेल**
**हाजीपुर -844101**
**East Central Railway**
**Hajipur – 844101**

Phone: + 91-6224-274728, Fax – 271513, 274738
E-mail: gm@ecr.railnet.gov.in


संख्याः ईसीआर/एडीएम/पीजी/एमपीएमएलए/17/2021, दिनांकः 01.02.2021

माननीय श्री नीतीश मिश्रा जी,

विषयः सकरी-निर्मली रेलखंड पर नेमुआ हॉल्ट के निकट रेल लाईन पर रेल समपार फाटक/रेल अंडर पास अथवा एल.सी. 65 के स्थान परिवर्तन के संबंध में।

संदर्भः आपका पत्रांकः 44/2021, दिनांकः 16.01.2021

***

उपरोक्त विषयांतर्गत आपका पत्र पाप्त हुआ है। पत्र में वर्णित बिन्दुओं की जांच नियमानुसार की जायेगी।

सादर प्रेषित।

भवदीय

Signed by Lalit Chandra Trivedi
Date: 03-02-2021 13:30:53
Reason: Approved

(एल. सी. त्रिवेदी)

श्री नीतीश मिश्रा,
माननीय सदस्य,
बिहार विधान सभा,
112, कौटिल्य नगर,
पटना- 800014

**नीतीश मिश्रा**
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

**सदस्य**
**बिहार विधान सभा**

**Ref: 44/2021**

**Dt- 16-01-2021**

महाप्रबंधक,

पूर्व मध्य रेल,

हाजीपुर।

विषयः– **पूर्व मध्य रेल हाजीपुर के समस्तीपुर रेल मंडल में सकरी– निर्मली रेलखंड पर नेमुआ हॉल्ट के निकट रेल लाईन पर रेल सम्पार फाटक/रेल अण्डर पास अथवा एल.सी. 65 के स्थान परिवर्तन के संबंध में।**

महाशय,

आपके प्रयास एवं रेल मंत्रालय की दृढ़ ईच्छाशक्ति से सकरी–निर्मली रेलखंड में छोटी लाईन से बड़ी लाईन में हो रहें अमान परिवर्तन से क्षेत्र की जनता में खुशी की लहर हैं। मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधानसभा क्षेत्र झंझारपुर में सकरी–निर्मली रेलखण्ड पर नेमुआ हॉल्ट स्थित है। वर्तमान समय में रेलवे द्वारा अमान परिवर्तन का काम जारी है। एन.एच. 57 (खोपा) से नेमुआ रेलवे हॉल्ट होकर एक मुख्य मार्ग मधेपुर भेजा होते हुए जमालपुर तक जाती है। पूर्व में यह छोटी रेल लाईन थी, उस समय यातायात रेलवे लाईन पार कर जमालपुर की तरफ और उधर से आने वाली रेल लाईन पार कर एन.एच.57 (खोपा) तक आसानी से चली जाती थी।

वर्तमान समय में बड़ी लाईन निर्माण से मिट्टी भराई का काम होने से समस्त यातायात बंद हो जायेगा और इस इलाके के 10–12 गाँव का कृषि कार्य एवं व्यवसाय में परेशानी बढ़ जायेंगी। नेमुआ हॉल्ट से उत्तर की तरफ लगभग 500 मीटर कच्ची सड़क हैं, उसके बाद 7 कि0मी0 पक्की सड़क एन.एच.57 (खोपा) के पास मिलती हैं। यह सड़क इलाके के 10–12 गाँव के आवागमन का मुख्य मार्ग है। नेमुआ हॉल्ट रेलवे लाईन से दक्षिण में मुख्य बाजार स्थित हैं, जहाँ लोगो का आवागमन लगा रहता है। नेमुआ हॉल्ट के दक्षिण अथवा उत्तर हर हालत में लाईन पार कर जाना पड़ता है, जिससे लोगो में जान–माल का खतरा बना रहता है। दिनांक 14.01.2021 को क्षेत्र के भ्रमण के क्रम में मैने पाया कि नेमुआ हॉल्ट के निकट रेल लाईन पार करने के लिए

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com

सुविधा देने की परम आवश्यकता हैं, क्योंकि लाईन से उत्तर भी प्रमुख सड़क हैं और दक्षिण में नेमुआ बाजार स्थित है।

विचारणीय हैं कि आवागमन की समस्या के निदान हेतु रेलवे लाईन पर एक सम्पार गुमटी (फाटक) अथवा रेलवे अण्डरपास की आवश्यकता है। ग्रामीणों के साथ मैंने उक्त स्थल को स्वयं जाकर देखा कि रेलवे लाईन से 200 मीटर पश्चिम में रेलवे लाईन पार करने के लिए एल.सी. 65 स्थित हैं, जिसका कोई व्यापक उपयोग नहीं होगा। इलाकें के ग्रामीणों ने अन्यत्र स्थापित इस (LC 65) को नकार दिया है, यदि यह एल.सी. 65 को नेमुआ हॉल्ट के पास परिवर्तित कर दिया जाए तो तत्काल इस सड़क को पार करने की सुविधा मिल सकती हैं, क्योंकि अमान परिवर्तन का कार्य जारी है, इसलिए जनहित में कोई भी उपरोक्त सुविधा देने में आसानी होगी।

अतः अनुरोध है कि सकरी–निर्मली रेलखंड के नेमुआ हॉल्ट के नजदीक रेलवे सम्पार फाटक/ रेलवे अण्डरपास अथवा एल.सी. 65 की स्थान का परिवर्तन नेमुआ हॉल्ट के पास करने हेतु जनहित में आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

**नव वर्ष की मंगलकामनाओं के साथ!**

भवदीय

Nitish Mishra
16.1.2021

**(नीतीश मिश्रा)**